राजस्थान प्रदेश कांग्रेस कमेटी

सादर प्रकाशनार्थ :-

जयपुर, 23 नवम्बर। भारत जोड़ो यात्रा के राजस्थान चरण की तैयारियों एवं व्यवस्थाओं की समीक्षा हेतु राजस्थान प्रदेश कांग्रेस कमेटी की प्रदेश स्तरीय समिति की बैठक प्रदेश कांग्रेस वार रूम में राजस्थान प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष श्री गोविन्द सिंह डोटासरा की अध्यक्षता में हुई।

श्री डोटासरा ने समिति के सदस्यों से सुझाव आमंत्रित करते हुए कहा कि श्री राहुल गाँधी की भारत जोड़ो यात्रा दिनांक 3 से 6 दिसम्बर के मध्य राजस्थान में प्रवेश करेगी तथा यात्रा के रूट का जायजा लेने के लिए वे स्वयं दिनांक 25 नवम्बर, 2022 को जाएंगे। उन्होंने कहा कि भारत जोड़ो यात्रा पहली बार कांग्रेस शासित प्रदेश में निकलेगी तथा प्रदेश में कांग्रेस कार्यकर्ताओं में अपूर्व उत्साह है जिस कारण यात्रा को लेकर पूरे देशभर में राजस्थान प्रदेश से अपेक्षाएं अधिक है। उन्होंने कहा कि राजस्थान प्रदेश के साथ ही भारत जोड़ो यात्रियों के लिए रहने, भोजन एवं अन्य व्यवस्थाएं करना प्रदेश कांग्रेस कमेटी के साथ ही सभी कांग्रेस नेताओं तथा कार्यकर्ताओं का दायित्व है। उन्होंने कहा कि भारत जोड़ो यात्रा में भाग लेने वाले भारत यात्री, प्रदेश यात्री एवं अतिथि यात्री के वर्गों में बांटे गए है। उन्होंने कहा कि सभी जिलों से भाग लेने के लिए कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने आवेदन किए है तथा जिला स्तर पर बनी कमेटियों द्वारा जिलों से भाग लेने वाले यात्रियों की सूची तैयार हो रही है। उन्होंने कहा कि यात्रा में भाग लेने के लिए सभी जिलों के कांग्रेसजनों को तिथि एवं स्थान नियत कर बताया जाएगा तथा बताए गए स्थान एवं तिथि पर ही भारत जोड़ो यात्रा में भाग लेने हेतु आने के लिए पास जारी किए जाएंगे। उन्होंने कहा कि भारत जोड़ो यात्रा मार्ग पर प्रतिदिन अलग-अलग व्यक्तियों को सम्पूर्ण व्यवस्थाओं हेतु जिम्मेदारी प्रदान की जाएगी जो कि प्रदेश स्तरीय समिति से समन्वय कर प्रदेश एवं अतिथि यात्रियों के ठहरने एवं भोजन की व्यवस्थाओं को देखेंगे।

मुख्यमंत्री श्री अशोक गहलोत ने कहा कि श्री राहुल गाँधी की भारत जोड़ो यात्रा को लेकर पूरे देशभर में अपूर्व उत्साह है तथा समाज में भाईचारे का अच्छा संदेश जा

2...

Created by Universal Document Converter

रहा है। उन्होंने कहा कि अब तक जिन प्रदेशों में यात्रा निकली है उससे कहीं अधिक अच्छे इंतजाम प्रदेश में किए जाएंगे। उन्होंने कहा कि जो भी नेता अपने कार्यकर्ताओं के साथ नियत तिथि एवं स्थान पर भारत जोड़ो यात्रा में भाग लेने के लिए आये वो अपने कार्यकर्ताओं के साथ अनुशासन बनाएं रखें। उन्होंने कहा कि प्रदेश कांग्रेस कमेटी द्वारा बताये समय तथा स्थान पर ही नेता एवं कार्यकर्ता भारत जोड़ो यात्रा में भाग लेने के लिए पहुँचे ताकि अनुशासन एवं इंतजामों में किसी प्रकार की कमी ना आये। उन्होंने कहा कि जिलों एवं विधानसभा स्तर पर यात्रा की तैयारियों के लिए प्रभारी बनाए जाएं तथा जो भी कार्यक्रम प्रदेश कांग्रेस कमेटी एवं व्यवस्थाओं हेतु तय समितियाँ बनाएं उसकी पालना करते हुए राजस्थान चरण में भारत जोड़ो यात्रा को सफल बनाने में सभी लोग अपना योगदान प्रदान करें। उन्होंने कहा कि भारत जोड़ो यात्रा के सफल आयोजन से प्रदेश का मान बढ़ेगा।

प्रवक्ता स्वर्णिम चतुर्वेदी ने बताया कि बैठक में कांग्रेस स्टेयरिंग कमेटी के सदस्य श्री रघुवीर मीणा, आसाम प्रदेश प्रभारी श्री जितेन्द्र सिंह, पंजाब प्रभारी श्री हरीश चौधरी, पूर्व प्रदेशाध्यक्ष एवं पूर्व उप मुख्यमंत्री श्री सचिन पायलट, एआईसीसी सचिव श्री धीरज गुर्जर, पूर्व प्रदेशाध्यक्ष डॉ. गिरिजा व्यास, डॉ. बी. डी. कल्ला, डॉ. चन्द्रभान, पूर्व नेता प्रतिपक्ष श्री रामेश्वर डूडी, मंत्री श्री गोविन्द राम मेघवाल, श्री प्रमोद जैन भाया, श्री लालचन्द कटारिया, श्री रामलाल जाट, श्री परसादी लाल मीणा, श्रीमती ममता भूपेश, श्री भजनलाल जाटव, श्री हेमाराम चौधरी, श्री प्रतापसिंह खाचरियावास, श्रीमती शकुन्तला रावत, श्री भंवर सिंह भाटी, श्री महेन्द्र चौधरी, श्री जुबेर खान, विधायक श्री रफीक खान ने भी अपने विचार रखे। बैठक में प्रदेश कांग्रेस कोषाध्यक्ष श्री सीताराम अग्रवाल, सचिव श्री ललित तूनवाल, श्री रामसिंह कस्वां, श्री जसवन्त गुर्जर, प्रवक्ता श्री स्वर्णिम चतुर्वेदी एवं श्री आर.सी. चौधरी भी उपस्थित रहे।

(स्वर्णिम चतुर्वेदी)
प्रवक्ता
मो. 9414074197

Created by Universal Document Converter